AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR
JODHPUR 342304, Rajasthan, India
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

Telefax
0291 2570710(O)
0291-2570711
E-mail:
vcunivag@gmail.com

डॉ एम एल मेहरिया
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

दिनांक 28.02.2017

क्षेत्रीय अनुसंधान एवं प्रसार सलाहकार समिति (जर्क) की बैठक

किसानों के लिए नई किस्में व तकनीकें अनुमोदित

कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर में दो दिवसीय क्षेत्रीय अनुसंधान एवं प्रसार सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 27 व 28 फरवरी 2017 को कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर–जोधपुर में आयोजित की गई। जिनमें जोधपुर संभाग (जोधपुर, बाड़मेर, पाली, जालौर, सिरोही व नागौर) के लगभग 60 कृषि विभाग के अधिकारियों व वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस बैठक में विभिन्न खरीफ फसलों की उन्नत किस्में, टिकाऊ प्रौद्योगिकी तकनीक, जैविक कृषि व अन्य फसलोत्पादन एवं पादप संरक्षण तकनीक पर वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुतीकरण किये गए। बैठक को सम्बोधित करते हुए अनुसंधान निदेशक डॉ. बी. आर. चौधरी ने बताया कि संकर किस्म एम.पी.एम.एच. 17 व 21 बाजरा उत्पादन में बहुत ही सराहनीय रही हैं तथा इनका बड़े पैमाने पर बीजोत्पादन कर किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। खरीफ 2017 के लिए निम्नलिखित उन्न्त किस्मों की सिफारिश की गई।

1. तिल– आर.टी. 371
2. मूंग–जी.ए.एम. 5
3. मूंगफली–आर.जी. 510
4. भिण्डी–अपराजिता व शक्ति
5. लौकी–यू.एस.एम. सर्वम व पूसा नवीन
6. मक्का–क्यू.पी.एम. 1 (खण्ड 2ब के लिए)

बैठक में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. ईश्वर सिंह, क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान (मण्डोर–जोधपुर), डॉ. एस. आर. कुम्हार, संयुक्त निदेशक (कृषि विभाग जोधपुर), श्री वी. के. पाण्डे, संयुक्त निदेशक (कृषि विभाग, जालोर) श्री वी. आर. सोलंकी, संयुक्त निदेशक उद्यान (जोधपुर), श्री वी. एस. सोलंकी, क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान (जालोर), डॉ. एस. डी. रतनू, अधिष्ठाता–कृषि महाविद्यालय, जोधपुर डॉ. वी. एस. जैतावत, अधिष्ठाता–कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर डॉ. बी. एस. भीमावत सहित काजरी व कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के वैज्ञानिकों, कृषि विभाग के अधिकारियों व राष्ट्रीय व राज्य बीज निगम के प्रबंधकों ने भाग लिया।

(एम एल मेहरिया)